भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1031
उत्तर देने की तारीख-02/12/2024

एनईपी, 2020 के अंतर्गत विद्यालयों में बस्ता रहित दिन

1031. **डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या एनईपी, 2020 ने कक्षा छह से आठ के छात्रों के लिए दस बस्ता रहित दिनों की सिफारिश की है;
(ख) क्या पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएस सीआईवीई) ने बस्ता रहित दिनों को कार्यान्वित करने हेतु कोई व्यापक दिशानिर्देश तैयार किए हैं;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस योजना के उद्देश्य क्या हैं;
(घ) क्या सरकार ने विद्यालयों में बस्ता रहित दिनों को कार्यान्वित करने हेतु एनसीईआरटी के दिशानिर्देशों की समीक्षा की है;
(ङ) यदि हां, तो इसके क्या परिणाम निकले हैं; और
(च) इन दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन में क्या कमियां पाई गई हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (च): राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में सिफारिश की गई है कि सभी छात्र कक्षा 6-8 के दौरान 10-दिवसीय बैगरहित अवधि में भाग लेंगे, जहां वे स्थानीय विशेषज्ञों जैसे बढ़ई, माली, कुम्हार, कलाकार आदि के साथ इंटर्नशिप करेंगे।

उपर्युक्त सिफारिश के अनुसरण में, सरकार ने संबंधित हितधारकों के परामर्श से 10 बैगरहित दिवसों हेतु दिशानिर्देश तैयार किए हैं। इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य कक्षा 6-8 के बच्चों को अनुभवात्मक अधिगम पद्धति का उपयोग करके कौशल शिक्षा प्रदान करना तथा स्कूलों में अधिगम को आनंदमय और तनाव मुक्त बनाना है। इन दिशानिर्देशों के तहत, कला, प्रश्नोत्तरी, खेल और कौशल; ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन महत्व के स्थानों/स्मारकों के दौरे के माध्यम से स्कूल के बाहर की गतिविधियों के लिए आवधिक एक्सपोज़र; स्कूल के आसपास पौधों और पक्षियों की पहचान; स्थानीय कलाकारों और शिल्पकारों से मुलाकात और स्थानीय कौशल आवश्यकताओं द्वारा यथानिर्धारित एवं राज्यों और स्थानीय समुदायों द्वारा यथानिर्णीत उनके गांव/तहसील/जिला/राज्य में अन्य संस्थानों/शैक्षणिक संस्थानों का दौरा

करने सहित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के लिए सम्पूर्ण वर्ष के दौरान 'बैगरहित दिवसों' को प्रोत्साहित किया जाता है।

ये दिशा-निर्देश परिवर्तनशील हैं और संबंधित हितधारकों से प्राप्त प्रतिक्रिया और अन्य घटनाक्रमों के आधार पर समय-समय पर इनकी समीक्षा की जाती है।

छात्रों के लिए 10 बैगरहित दिन संबंधी दिशानिर्देश 29 जुलाई, 2024 को एनईपी 2020 की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर लॉन्च किए गए हैं।

******